मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान, 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा की हुई शुरूआत

- सामूहिक जनभागीदारी से अभियान को सफल बनाने की अपील
- मुख्यमंत्री ने की रिसाइकिल एप तथा जयपुर 311 एप की लॉचिंग
- गोविन्ददेवजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की प्रदेश खुशहाली की कामना

जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में मालवीय नगर पुलिया के पास स्वयं श्रमदान कर प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन को जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था, जिसके सार्थक परिणाम हम सभी को देश में दिख रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में आज से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सामूहिक जन भागीदारी के श्रमदान के माध्यम से गांवों एवं शहरों में सफाई तथा स्वच्छता का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं स्वस्थता एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस जगह स्वच्छता रहती है, वहां स्वस्थता अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण स्वच्छता बिना जन सहयोग के संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी स्वच्छता के विजन को ध्यान में रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्य निभाकर इस अभियान का हिस्सा बनें।

शर्मा ने कहा कि इस महा अभियान में सफाई मित्र स्वच्छता के प्रहरी हैं। उनका बेहतर स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी प्रण लें कि हम न केवल अपने घरों को बल्कि देश एवं प्रदेश को स्वच्छ बनाएंगे। साथ ही, स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए कृत संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान, बिजली-पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजस्थान में न केवल 7 करोड़ पौधे प्रदेशभर में लगाए हैं बल्कि मानसून की मेहरबानी एवं राज्य सरकार के प्रयासों से बड़ी संख्या में पौधे जीवित हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी सामाजिक सरोकारों के काम को सभी के सहयोग से लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर सम्मानित भी किया। इस दौरान महिला सफाई मित्र ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। शर्मा ने नगर निगम की 'रिसाइकिल' एवं 'जयपुर 311' एप्स का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने इन दोनों एप्स का पोस्टर विमोचन भी किया। 'रिसाइकिल एप' के माध्यम से नगर निगम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर अब घर से ही सूखा कचरा श्रेणीवार एकत्रित किया जाएगा। साथ ही, घर पर ही निगम द्वारा ऑनलाइन भुगतान भी किया जाएगा। नगर निगम संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए शहरवासी जयपुर 311 एप का प्रयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया तथा निगम द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, उप महापौर पुनीत कर्णावत, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित जयपुर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

वही मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को जयपुर के आराध्य गोविन्द देवजी मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत ने शर्मा को गोविन्ददेवजी का चित्र भी भेंट किया। वहां उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं को तुलसी के पौधे भी वितरित किए। इस दौरान विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

वाहनों के फिटनेस पर अतिरिक्त फीस वसूली पर रहेगी रोक

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने वाहनों का फिटनेस समाप्त होने के बाद पुनः फिटनेस कराने के बीच की अवधि में पचास रुपए प्रतिदिन की अतिरिक्त फीस वसूलने पर लगी रोक को हटाने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश सतपाल मील व अन्य की याचिका में केंद्र सरकार की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने माना कि यह राशि फीस की श्रेणी में ना आकर पेनल्टी के रूप में आती है। ऐसे में इसकी वसूली नहीं हो सकती है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि अदालत ने गत दिनों वाहनों का फिटनेस समाप्त होने के बाद उसका नवीनीकरण कराने तक प्रतिदिन पचास रुपए अतिरिक्त फीस वसूलने पर रोक लगा दी थी। जबकि सरकार को फीस लेवी लगाने का अधिकार है। ऐसे में इस आदेश को संशोधित कर फीस वसूलने की छूट दी जाए। जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि पचास रुपए अतिरिक्त फीस वसूलने का प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम की धारा 211 के खिलाफ है। इस धारा में पेनल्टी का कोई प्रावधान ही नहीं है। जबकि सरकार अतिरिक्त फीस के नाम पर पेनल्टी वसूल रही है। ऐसे में फिटनेस शुल्क के अलावा अतिरिक्त फीस के नाम पर पेनल्टी नहीं वसूली जा सकती। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद खंडपीठ ने केन्द्र सरकार का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

राज्यपाल ने राजभवन में पौधारोपण किया



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को राजभवन में प्रधानमंत्री की पहल पर देशभर में वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' के अंतर्गत राजभवन के औषधीय उद्यान में पौधारोपण किया।

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

बागडे ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र में निरंतर सर्वांगीण विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने मोदी को स्वप्न द्रष्टा प्रधानमंत्री बताते हुए देश में विकास के लिए उनकी पहल पर हुए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि "विकसित भारत" का उनका संकल्प भारत को फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने मोदी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इससे पहले बागडे ने राजभवन में प्रधानमंत्री की पहल पर देशभर में वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत राजभवन के औषधीय उद्यान में पौधारोपण किया।

देवनानी ने प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की बधाई दी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्म दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा है कि मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और विरासत को संरक्षित करने के नित-नवीन विलक्षण कार्य किये जा रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र में भारत का परचम विश्व में लहलहा रहा है। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वभर में समरसता के अग्रदूत के रूप में जाने जा रहे है। देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी है।

देवनानी ने मंगलवार को प्रातः यहा सिविल लाईन स्थित राजकीय निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर प्रकाशित स्मारिका राष्ट्रीय समरसता का विमोचन किया। ग्लोबल पंजाबी जागृति समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी : मदन राठौड़

- 'आरक्षण समाप्त करने, समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का बयान देने वाले विपक्ष के नेता ने एसटी-एससी, ओबीसी वर्ग के साथ किया धोखा'

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार को प्रेस से रूबरू हुए।

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों में किए गए कार्यों पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य किया है। वैश्विक पटल पर भारत ने नए आयाम स्थापित किए है, जबकि विपक्ष के नेता विदेशों में जाकर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का काम कर रहे है। विपक्ष के नेता विदेश में जाकर दलित और पिछड़ों का अधिकार आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहे हैं, समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रहे हैं। विपक्ष के नेता को इस समाज तोड़ने वाली नीति से बाज आना चाहिए उनका इस तरह के बयान राष्ट्र हित से परे है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ देशवासियों को परिवार का सदस्य मानकर उनके कल्याण, और उत्थान के लिए योजनाएं बनाई हैं।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेसी नेता लोगों को भ्रमित कर 99 सीट लेकर आ गए, लेकिन विपक्ष के नेता विदेश में जाकर आरक्षण को समाप्त करने की बात कर रहे है। यह एसटी-एससी और ओबीसी वर्ग के साथ धोखा है। कांग्रेस भाजपा पर आरोप लगाती रही, जबकि स्वयं कांग्रेस के आलाकमान विदेश में जाकर आरक्षण समाप्त करने और समाज को बांटने का कार्य कर रहे है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मोदी सरकार के 100 दिनों के कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं को शुरू किया। पीएम मोदी ने विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी, गवर्नेंस और लॉ एंड ऑर्डर, एनर्जी सिक्युरिटी, विदेश नीति, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, किसान मित्र मोदी सरकार, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत, सशक्त युवा और सशक्त नारी शक्ति, ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के सशक्तिकरण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनहितेषी और जनकल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी प्रदान की। इसमें पीएम मोदी ने सड़क , रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर विशेष फोकस रखते हुए 3 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। मोदी ने किसान मित्र मोदी सरकार के ध्येय को चरितार्थ करते हुए देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के तौर पर जारी किए। वहीं खरीफ फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाया, 14 हजार 200 करोड़ की डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन परियोजना सहित 7 विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दी। इससे कृषि क्षेत्र की एफिशिएंसी और प्रोडक्टिविटी बढेगी। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में 3300 करोड़ से कृषि योजनाएं एवं विकास परियोजनाएं शुरू की, वहीं 2 हजार करोड के मिशन मौसम को मंजूरी दी।

राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को टैक्स स्लैब में बड़ी राहत दी। इनकम टैक्स नियमों को संक्षिप्त, सरल करने के साथ यूपीएस स्कीम लागू की, वन रैंक वन पेंशन शुरू किया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर स्वीकृत किए, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 2.5 लाख से अधिक घरों में सौर सिस्टम लगाया, पीएम ई बस सेवा के तहत 3400 करोड़ की सहायता से नई बसों की खरीद को स्वीकृति, नए स्टार्टअप्स और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता, अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स के लिए 1 हजार करोड़ का वेंचर कैपिटल फंड बनाने की स्वीकृति प्रदान की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने सशक्त युवा के लिए 2 लाख करोड के पीएम पैकेज की घोषणा की, इससे युवाओं में रोजगार और कौशल को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ मिले। केंद्र सरकार ने 15 हजार से अधिक नए नियुक्तियों की घोषणा की, 20 लाख युवाओं को कौशल युक्त बनाने के लक्ष्य तय किया, ई श्रम पोर्टल का एकीकरण, एमएसएमई के लिए वित्तीय और कर प्रोत्साहन, खेलो इंडिया योजना की शुरूआत की। वहीं सशक्त नारी शक्ति के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित कर उनकी आय बढ़ाने के साथ सामाजिक जीवन में सुधार करने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि मोदी ने ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए कार्य किया। 63 हजार जनजातीय गांवों का विकास, 5 करोड़ आदिवासियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार, पीएम सुराज योजना का विस्तार, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में नामांकन बढ़ाना, नए विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं शुरू की। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण की दिशा में कार्य किया।

थानों में जब्त वाहनों के निस्तारण के लिए बनेगी एस.ओ.पी.

जयपुर। प्रदेश के थानों में विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए वाहनों के निस्तारण के लिए जल्दी ही पुलिस की ओर से मानक संचालन प्रक्रिया यानि एसओपी बनाई जाएगी। एसओपी के जरिए तय किया जाएगा कि विशेष अधिनियम सहित अन्य अवैध गतिविधियों में जब्त वाहनों सहित थानों में कबाड़ हो रही गाडियों का निस्तारण किस तरह किया जाएगा। आईपीएस प्रहलाद कृष्णियां की ओर से हाईकोर्ट को इस संबंध में जानकारी दी गई। इस पर जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने एसओपी तैयार करने के लिए एक अक्टूबर तक का समय दिया है। इसके साथ ही अदालत ने थानों में रखे गए जब्त वाहनों और उनकी श्रेणियों की जानकारी भी मांगी है। अदालत ने कहा कि मामले में न्यायमित्र स्नेहदीप के सहयोग से एसओजी को अंतिम रूप दिया जाए। अदालत मामले में अब आठ अक्टूबर को सुनवाई करेगी। गौरत लब है कि अदालत के संज्ञान में आया था कि प्रदेश के विभिन्न थानों में लंबे समय से बडी संख्या में जब्त वाहन पडे हैं और इनका समय पर निस्तारण नहीं हो रहा है।

तीये की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करते है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती लज्जा देवी** (धर्मपत्नी स्व.श्री राधेश्याम जी नरेडी) का स्वर्गवास दिनांक 16.09.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 18.09.2024 को दोपहर 4:00 से 5:00 बजे तक निवास स्थान प्लॉट नं.54ए पुरूषार्थ नगर-सी, जगतपुरा में होगी।

शोकाकुलः- दिनेश, दीपेश, संजय, अनिल, विक्की (पुत्र), महेश- मीनादेवी, दौलतराम, (देवर- देवरानी) एवं समस्त नरेडी परिवार।

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है की मेरी धर्मपत्नी **रुकमणी देवी** (कमला) का देवलोक गमन 16.09.24 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 18.09.24 को हैडग्वाकर पार्क शास्त्री नगर थाने के सामने 5 से 6 बजे तक रखी गई है।

शौकाकुलः- रामलाल (पति) उत्तमचन्द (देवर) बंशीलाल (जेठ) कान्जीलाल (देवर) मालीराम , चौथमल,सीताराम, रतन लाल, महेंद्र, देवेन्द्र, नरेंद्र, प्रमेंद्र, हिमांशु (पुत्र) परम, गौरीश (पौत्र) एवं समस्त माचीवाल परिवार

8005851940,9352639604

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

जयपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत

उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर मंगलवार को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' की शुरुआत की गई। अभियान के प्रथम दिन जयपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक विकास पुरवार द्वारा रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता शपथ दिलाई

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर मंगलवार को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' की शुरुआत की गई। मंडल पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन आज जयपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक विकास पुरवार द्वारा रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता शपथ दिलाई जिसके द्वारा सभी रेलकर्मियों ने 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा 100 अन्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही मंडल कार्यालय में पौधारोपण कर एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संजीव दीक्षित अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन), गौरव गौड़ अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), पीयूष जोशी (मु.प.प्र) जीएसयू एवं मण्डल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी कर पौधारोपण किया गया।

इसके अतिरिक्त मण्डल के अन्य स्टेशनों, रेलवे कॉलोनीयों, रेलवे स्कूल बांदीकुई, रनिंग रूम, कोचिंग डिपो, केन्द्रीय हॉस्पिटल, स्वास्थ इकाइयों इत्यादि में स्वच्छता शपथ एवं पौधारोपण किए गए एवं स्वच्छता जागरूकता रैली की गईं।

इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशनों,रेलवे कॉलोनियों तथा रेल इकाइयों में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे व उन्हें सुरक्षा तथा अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जे.डी.ए की स्वप्नलोक योजना मे प्लाट नम्बर सी-118 का मूल auction cum demand letter no.13- 14/D-400 dated 12.3.2014 जो कि श्री सुवा लाल पुत्र श्री नानगराम शर्मा के नाम से है, वो खो गया है जिसकी पुलिस रिपोर्ट LR No: 2398563/ 2024 दिनांक 17.09.2024 को दर्ज करा दी गयी है उक्त सम्पति के लिये श्री विरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री कुरडाराम ने SBI Bank मे ऋण हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई एतराज या आपत्ति हो तो आज से 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करे। मूल auction cum demand letter मिलने पर सूचित करे।
एडवोकेट राकेश महर्षि 9413902786

खोया पाया
मेरे मकान 7/एच/23 इन्दिरा गाँधी नगर जगतपुरा जयपुर के मूल डिक्लेशन मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करे- गिरिश गर्ग 9968837198

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य राम नारायण पुत्र स्व. राम सहाय जाति- बागडा निवासी- बागडो का मोहल्ला, बगरू, जिला जयपुर (राज.) के पुत्र अशोक प्रधान का चाल चलन व संगत सही नहीं होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है तथा अशोक प्रधान द्वारा किए गए कार्यो, सव्यवहारों, उधारी आदि के लिए मेरा अभिभाष्य किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा और ना ही मेरे अभिभाष्य की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।
जी.एस. शर्मा (एडवोकेट) मो. 9928389331

SOLITAIRE PESTICIDES PVT. LTD.
F-90, Ind. Area Mandore, Jodhpur (Raj.) - 342304
कृषि एवं सहकारिता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश सं. 2900 (इं) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 और आज तक के एफसीओ संसाधान के अनुपालन में सॉलिटेयर पेस्टिसाइडस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार नये 100 प्रतिशत जल में विलय मिश्रण उर्वरक ग्रेड राजस्थान राज्य में प्रस्तुत कर रहे है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री रामेश्वर लाल, लक्ष्मण पुत्रान मोहन जाति अहिर निवासीगण महावीर स्कुल के पास किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर द्वारा उनके स्वामित्व व आधिपत्य की आराजी खसरा नम्बर 1237, 1238 कुल रकबा 21 बीघा 4 बिस्वा को मेरे अभिभाष्यण द्वारा पूर्व में देवदानी ग्रह निर्माण सहकारी समिति जयपुर से ना तो कोई विधिवत इकरारनामा किया ओर ना ही किसी भी तरीके से बेचान/रहन/सरेण्डर समिति के पक्ष किया है। यदि उक्त समिति मेरे अभिभाष्यण की उपरोक्त आराजीयात में से किसी भी हिस्से का किसी भी दिगर व्यक्ति/संस्थान को पट्टे जारी करती है तो वह विधि विरूद्ध होगा। उक्त आराजीयात मेरे अभिभाष्यगण की कब्जे काश्त की है। तथा मेरे अभिभाष्यगण काबिज है। अतः मेरे अभिभाष्यगण की उपरोक्त आराजीयात को देवदानी ग्रह निर्माण सहकारी समिति जयपुर द्वारा किसी प्रकार रहन/बेचान अथवा पट्टा जारी करती है तो उसके लिए मेरे अभिभाष्यगण का कोई उत्तदायित्व नहीं होगा। इसके लिए वह स्वयंम जिम्मेदार होगे। अतः सूचित रहे।
शेख शमीमुल हक एडवोकेट
मो. 9828297846

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक जविप्रा/उपा/जोन-14/2024/डी-1438 दिनांक : 17.9.24
सार्वजनिक सूचना
आवेदक उद्भास कॉलेज आफ एज्यूकेशन निदेशक श्री पवन कुमार गुप्ता पुत्र श्री किशोरी लाल गुप्ता द्वारा ग्राम ग्यार ब्राह्मपान तह. सांगानेर द्वारा खसरा नंबर 602, 603/2. 601/1, 603/1 कुल किता 04 कुल रकबा 0.50 हैक्ट. 90ए शुद्ध भूमि पर संस्थानिक (Technical Training Center) प्रयोजनार्थ एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया था। जिसके क्रम में प्राधिकरण की पी.पी.सी. (एल.पी.) समिति की 363 वीं बैठक दिनांक 13.08.2024 में आवेदित भूमि के सामने स्थित नै.मु. पाल खसरा नम्बर 610 की सीमा के पश्चात अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के क्रम में 18 मीटर सड़क नै.मु. पाल के समानान्तर प्रस्तावित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यदि उक्त निर्णय पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त कालाविध में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सूचित रहे। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 17.09.24 को जारी की गई है।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

आम सूचना यह कि मेरे अभिभाष्य ने विमल कुमार अग्रवाल पुत्र राधेश्याम अग्रवाल निवासी प्लाट नम्बर 55, गीता पथ, सूरज नगर वेस्ट, सिविल लाईन्स, जयपुर से स्वामित्व व अधिकार की सम्पत्ति प्लाट नम्बर बी-62, बस्सी सीतारामपुरा, नेहरू नगर, पानीपेच, झोटवाड़ा रोड, जयपुर को जरिये इकरारनामा खरीद करना तैय रखा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति इत्यादि को उक्त सम्पत्ति मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त पक्षकार से क्रय किये जाने बाबत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, आक्षेप इत्यादि हो तो वह मय सबूत मुझसे उक्त आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस की अवधि के अंतर्गत संपर्क करे, बाद मियाद गुजरने पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करा लिया जायेगा।
निर्मल शर्मा, एडवोकेट

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एंव गहानगर मजिस्ट्रेट, क्रम-03, जयपुर महानगर जयपुर (प्रथम)
देवीलाल यादव विरूद्ध हर्ष शर्मा व अन्य
वाद बाबत-स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं-08/2024
बनाम-1. हर्ष शर्मा पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा, 2. सतीश शर्मा पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा, पता- सुकृति अपार्टमेंट, प्लाट नं-21,22, हीरा नगर ए, हीरापुरा गांव के पास, 200 फीट बाईपास, जयपुर राजस्थान। पता- प्लाट नं-ए-30, यादवो का मोहल्ला, सुशीलपुरा, अजमेर रोड, जयपुर राजस्थान।
वादी ने आपके विरूद्ध स्थायी निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख- 24.09.2024 को दिन में सुबह 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिय गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज ता.12 माह 9 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत रीडर-अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट, संख्या-3, जयपुर महानगर प्रथम

नाम परिवर्तन
मैंने मेरा नाम रजत झा पुत्र विपिन कुमार झा से बदलकर रजत कुमार झा पुत्र विपिन झा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। रजत कुमार झा पुत्र विपिन झा ई-101, प्रथम तल, स्वपन निलय, मथुरावाला, बिल्वा कलां, जयपुर

मै पाटील भारती ज्ञानेश्वर, पत्नी आर्मी नंबर 15158034A, हवलदार पाटील ज्ञानेश्वर सुरेश यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पाटील भारती है जो गलत है, मेरा असली नाम पाटील भारती ज्ञानेश्वर है।

मै वैष्णवी ज्ञानेश्वर पाटील पुत्री आर्मी नं 15158034A, हवलदार पाटील ज्ञानेश्वर सुरेश यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पिता के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम वैष्णवी है जो गलत है, मेरा वास्तविक नाम वैष्णवी ज्ञानेश्वर पाटील है।

मै विशाल ज्ञानेश्वर पाटील पुत्र आर्मी नं 15158034A, हवलदार पाटील ज्ञानेश्वर सुरेश यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पिता के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विशाल है जो गलत है, मेरा वास्तविक नाम विशाल ज्ञानेश्वर पाटील है।

मैं जै.सी. 292138W नायब सूबेदार- राजीव कुमार, पताः- ग्राम- हरपुर, पोस्ट-लदौर, जिला- दरभंगा (बिहार) मेरे सर्विस रिकॉर्ड में पत्नी का नाम- अर्चना कुमारी है,जो गलत है, सही नाम- अर्चना सिंह है शपथ पत्र संख्या IN-RJ63910 334 330404W दिनांक